हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

14 समाधान शिविर से मिल रही है लोगों को राहत



14 अंबाला छावनी में मुख्य नालों की सफाई का काम शुरू



## खबर संक्षेप

### डकैतों को हथियार देने वाला गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर स्थित पीएनबी बैंक की मित्र शाखा में गन पॉइंट पर चार लाख लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों प्रशांत निवासी गांव पुरखास, अजय निवासी कारद हाल शेखपुरा, साहिल निवासी गांव पुगथला, प्रिंस निवासी गांव जुआ, मोहित निवासी गांव कुंडली जिला सोनीपत व केशव निवासी घूप सिंह नगर पानीपत को देसी पिस्तौल व कारतूस सप्लाई करने वाले आरोपी गजानंद पुत्र मंगतराम निवासी लोहारू, भिवानी को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने नशा सप्लायर को दबोचा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 12 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में नशा तस्कर की निशानदेही पर आरोपी सप्तायर गौतम निवासी गांधी कालोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गौतम को कोर्ट में पेश किया, अदालत ने आरोपी गौतम को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### शराब की खेप के साथ तस्कर पकडा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने नैन गांव में प्लाट से शराब की 34 पेटियां बरामद की है। वहीं इस मामले में रवि पुत्र राजेंद्र निवासी गांव नैन जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस ने बरामद अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना मतलौडा में एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### संत कबीर प्रकट दिवस पर भंडारा 22 जून को

रादौर। रादौर की शिव कॉलोनी में 22 जून को शाम 7 बजे संत कबीर प्रकट दिवस मनाया जाएगा। बुधवार को प्रकट दिवस को लेकर स्थानीय लोगों को निमंत्रण दिया गया। समाज के प्रधान सतीश कुमार ने उक्त जानकारी दी।

# आसमान से टपकती आग और तेज लू चलने से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

## मौसम विशेषज्ञों ने अभी अगले दो तीन दिन तक गर्मी से राहत न मिलने की जताई संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- दोपहर के समय सड़कें, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजार रहने लगे सुनसान

पिछले करीब एक पखवाड़े से आसमान से टपक रही आग और चल रही लू के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। गर्मी की तपिश और लू से बचने को लेकर लोग दिन भर घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। आलम यह है कि दोपहर के वक्त बाजार, सड़कें, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड आदि सुनसान रहने लगे हैं। मौसम में बढ़ती गर्मी की तपिश के कारण बुधवार को जिले का तापमान अधिकतम 44 डिग्री सेल्सिय व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी दो तीन तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

बुधवार सुबह सूर्यदेव के निकलते ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई और तेज लू चलने लगी। दिन बढ़ने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ती गई। दोपहर के समय हालात काफी खराब देखे गए और गर्मी का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। सड़कों पर सामान्य दिनों से कम ही वाहन दिखाई दिए। गर्मी का असर दैनिक कार्यों पर भी देखा गया।



यमुनानगर में बुधवार को दोपहर के समय गर्मी में सुनसान पड़ा जगाधरी रेलवे स्टेशन।

### ठंडे पेय पदार्थों पर रहा जोर

गर्मी से राहत पाने के लिए बुधवार को अधिकांश लोगों ने बेल का जूस व अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन किया। जबकि कुछ लोगों ने अपने घरों में ही निंबु पानी पीकर गर्मी से ठंडक पाने का प्रयास किया। आलम यह रहा कि दिन भर लोग गर्मी व मौसम में उमस बनने से बेहाल रहे।

### रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड भी रहे दोपहर को सुनसान

तपती गर्मी का असर बुधवार को शहर के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी देखा गया। दोपहर के समय रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सूनसान हो गए। आलम यह रहा कि स्टेशन के प्लेटफार्म पर नाम मात्र ही यात्री ट्रेनों की इंतजार करते देखे गए।

### शाम होने पर मिली राहत

शाम ढलने के बाद गर्मी से कुछ राहत मिली और बाजारों में खरीददारी करने के लिए लोगों को शाम ढलने का इंतजार करना पड़ा। क्योंकि दिनभर गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा। शाम के समय पाकाऱ्ें में भी कुछ लोग घूमते हुए दिखाई दिए।

### गर्मी में पहनें सूती वस्त्र

फिजिशियन डॉ. राजकुमार का कहना है कि गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। सीधी धूप से बचें। तेज धूप में बाहर न निकलें। सूती वस्त्र पहनें और धूप के समय बदन को ढककर रखें। बाजार की तली व भूनी हुई वस्तुओं से परहेज करें। पानी अधिक मात्रा में पिएं और ताजे फलों का जूस ही पिएं। बाजार में बिक रहे पेय पदाथाऱ्ें के सेवन से पहले गुणवता की जांच कर लें।

# यमुनानगर में स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जिले में लगातार नशातस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी शिकंजा के तहत कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने हजारों रुपये की स्मैक के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला नशातस्कर से कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने 42.30 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कंट्रोल ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक अंबाला जगबीर सिंह व यूनिट अंबाला प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि वह सह उप निरीक्षक मतलूब हुसैन के साथ यमुनानगर क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें किसी ने गुप्त सूचना दी कि यमुनानगर के शादीपुर में मैफरीन नामक महिला अपने घर के बाहर स्मैक बेचने की फिराक में खड़ी है। सूचना मिलते ही वह पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर ईटीओ यमुनानगर अंशुमन ठुकराल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में मौके पर बुलाया गया। जिनकी मौजूदगी में महिला की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महिला के पास से 42.30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया गया है कि महिला से बरामद की गई स्मैक की बाजार में कीमत हजारों रुपये में है। पुलिस ने महिला मैफरीन को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दिया। आरोपी से पूछताछ जारी है। पूछताछ में मामले में जो भी संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



यमुनानगर में हजारों रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार की गई महिला पुलिस हिरासत में खड़ी हुई।

# पानीपत की बेटी शिवानी बनी एसडीएम

## बीसी-ए कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की बेटी शिवानी पांचाल का हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) में चयन हुआ है। शिवानी पांचाल ने बीसीए कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर पानीपत का नाम रोशन किया है। शिवानी को एसडीएम पद पर नियुक्त किया जाएगा। स्मरणीय है कि हरियाणा सिविल सर्विसेज के लिए पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा तीन सीट दी गई हैं। प्रथम स्थान पर बीसी-ए कैटेगरी में शिवानी रहीं। वहीं शिवानी पांचाल मूल रूप से गांव भोडवाल माजरी की निवास है और उनके पिता की करीब बीस साल पहले मौत हो चुकी है। जबकि मांता सविता आंगनवाडी वर्कर है। पिता के निधन के बाद शिवानी की शिक्षादीक्षा संयुक्त परिवार में हुई। शिवानी के चयन से परिवार ही नहीं बल्कि पूरे गांव में और रिश्तेदारों के यहां भी जश्न का माहौल है। शिवानी व उसके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा है। इधर, शिवानी ने 12वीं कक्षा समालखा से पास की, जबकि बी-टेक सिविल इंजीनियरिंग एनआईटी कुरुक्षेत्र से पास की। इसके बाद शिवानी की बावल स्थित जेएसडब्ल्यू कंपनी में इंजीनियर पोस्ट पर नौकरी पर लग गई, साथ ही शिवानी ने कठोर परिश्रम किया और हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की परीक्षा दी। इधर, शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने टीचर्स व परिजनों को दिया। शिवानी ने बताया कि पिता दिलबाग के निधन के बाद मां सविता व चाचा दिनेश व नरेश ने तन, मन, धन से सहयोग किया।



नवनियुक्त एसडीएम शिवानी पांचाल।

- शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने टीचर्स व परिजनों को दिया

# धान की रोपाई शुरू, खेतों में उतरे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 60 लाख क्विंटल धान उत्पादन का लक्ष्य

धरतीपुत्र धान रोपाई के लिए खेतों में उतर गए हैं। इस बार एक लाख 25 हजार हेक्टेयर में धान रोपाई की जानी है, जिसके साथ ही 60 लाख क्विंटल धान उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिला में करीब 70 फीसद क्षेत्र में पीआर किस्म और लगभग 30 फीसद में बासमती धान की रोपाई की जाती है। किसान पिछले कई दिनों से पूरी तैयारी कर 15 जून का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में बुधवार से धान की रोपाई का काम तेज हो गया है। कृषि विशेषज्ञों ने भी धान की रोपाई के लिए 15 जून से 15 जुलाई तक का समय ही उपयुक्त बताया है। धान की रोपाई का सीजन शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को भी काम मिल गया है। अब करीब डेढ़ माह तक मजदूरों को धान रोपाई का काम मिल रहेगा। प्रगतिशील किसान प्रगट ने बताया कि मजदूर 2700 से लेकर 3200 रुपये प्रति एकड़ तक धान रोपाई के ले रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा धान रोपाई पर 15 जून तक पाबंदी लगाई गई थी, जिसके चलते किसान भले ही दूसरी तैयारी में जुटे थे लेकिन रोपाई नहीं कर पा रहे थे। यही नहीं प्रशासन की ओर से भी पाबंदी के दौरान धान रोपाई करने को लेकर लगातार निगरानी की जा रही थी। हालांकि प्रशासनिक आदेशों को दरकिनार कर धान रोपाई के मामले सामने नहीं आए, लेकिन अब पाबंदी हटते ही धान रोपाई का काम शुरू हो गया है। बता दें कि पिछले तीन वर्षों के दौरान ही धान रोपाई लक्ष्य से अधिक ही रही है। वर्ष 2022-23 में पांच हजार क्विंटल अधिक रकबे में रोपाई की गई तो वहीं 2023-24 में तीन हजार हेक्टेयर अधिक रकबे में धान रोपाई की गई थी। इस बार भी धान रोपाई लक्ष्य से अधिक रकबे में किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।



कुरुक्षेत्र। धान की रोपाई करते किसान। फोटो : हरिभूमि

# कुवि ने भारतीय ज्ञान परंपरा से समाहित एनईपी-2020 को सर्वप्रथम किया लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- राष्ट्रीय बेबिनार में शोधार्थियों, सम्बद्धित महाविद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थियों ने भाग लिया

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने सर्वप्रथम पूरे देश में सभी प्रावधानों के साथ अपने पाठ्यक्रमों में लागू किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परम्परा को आने वाली पीढ़ी और समाज के उत्थान के लिए प्रसारित करना है। वे बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में गुलजारीलाल नंदा नीति शास्त्र एवं दर्शन शोध केंद्र तथा इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाईड संस्कृत शास्त्रीय नॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सुशासन तंत्रः भारतीय ज्ञान परम्परा से इसे क्या सीखना अपेक्षित है विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों की मूल्यपरक शिक्षा सहित अकादमिक, शोध, खेल एवं सांस्कृतिक विकास सहित रोजगारपरक शिक्षा प्रणाली पर जोर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है ताकि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्रहित व सुशासन तंत्र में अपना योगदान दें। वेबिनार में प्रो. डीएस राणा, प्रो. कृष्णा रंगा, प्रो. अशोक चौहान, प्रो. विभा अग्रवाल, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. अर्चना, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. पूजा खुराना, सहायक प्रदीप कुमार सहित शोधार्थियों, सम्बद्धित महाविद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**करनाल।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे ड्ड2ड्डह्म्स्रह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने बताया कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों ही श्रेणियों में पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं पदक सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# बाबा के भेष में मांगने आए और महिला को बेहोश कर रुपये व मंगलसूत्र ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ किया केस दर्ज

जगाधरी की रूपनगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाली कुशमावती को बेहोश कर दो व्यक्तियों ने घर से 20 हजार रुपए व सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। दोनों व्यक्ति गली में बाबा के वेश में मांगने आए थे। महिला के होश में आने पर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गांव सोनादी खास निवासी कुशमावती ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रूप नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। वह घरेलू महिला है। 18 जून को सुबह करीब साढ़े नो बजे उनकी गली में दो व्यक्ति बाबा के वेश में मांगने के लिए आए। आरोपियों ने उसे पीने के लिए पानी मांगा। जब उसने आरोपियों को पीने के लिए पानी दिया तो आरोपियों ने उन्हें अपनी बातों में उलझा लिया और उसे बेहोश कर दिया। करीब दो घंटे बाद जब उसे होश आया तो उसे घर में रखे 20 हजार रुपए व सोने का मंगलसूत्र गायब मिला। उसने आसपास आरोपी व्यक्तियों की जांच की मगर उनका कुछ भी पता नहीं चला। उसने इसकी सूचना अपने पति व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सियासत

### यमुनानगर विधानसभा सीट पर भाजपा के सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा तीसरी बार भी प्रबल बने दावेदार, अन्य कई नेता भी लगा रहे जोड़तोड़

# यमुनानगर विधानसभा सीट फतह करने को लेकर भाजपा है उत्साहित

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

- इनेलो के पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह भी यमुनानगर विससीट को फतेह करने के लिए दिखाई दे रहे हैं तैयार

लोकसभा चुनाव में यमुनानगर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को 24,675 मतों से पछाड़ने वाली यमुनानगर विधानसभा सीट को फतेह करने के लिए भाजपा उत्साहित दिखाई दे रही है। खास बात यह है कि यमुनानगर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को अपेक्षा से अधिक मतों की लीड दिलाकर मौजूदा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा तीसरी बार भी टिकट के लिए प्रबल दावेदार बनकर उभर रहे हैं। हालांकि भाजपा में इनके अलावा भी कई नेता टिकट पाने की इच्छा को लेकर केंद्रीय नेताओं के यहां चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस में भी यमुनानगर विधानसभा सीट पर टिकट पाने को लेकर दावेदारों की फौज बढ़ रही है। जबकि इनेलो के एक मात्र पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। बसपा और जजपा अभी मजबूत दावेदारों की तलाश करने में लगी है। विधानसभा चुनाव में यमुनानगर विधानसभा सीट पर अब कौन सा राजनैतिक दल किसे टिकट थमाता है यह भविष्य के गर्भ में है।



यमुनानगर से भाजपा से मजबूत दावेदार घनश्याम दास अरोड़ा।



यमुनानगर से कांग्रेस से मजबूत दावेदार भारत भूषण बब्बू।



यमुनानगर से इनेलो के मजबूत दावेदार चौ. दिलबाग सिंह



यमुनानगर से आप के मजबूत दावेदार ललित त्यागी

### लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों के ये मिले कुल मत

लोकसभा चुनाव 2024 में यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को सर्वाधिक 86523 मत मिले। जबकि कांग्रेस(इंडी गठबंधन) के प्रत्याशी को कुल 61848 मत मिले। इस विधानसभा से भाजपा ने कांग्रेस को 24,675 मतों से पछाड़कर जीत दर्ज की है। जिसे लेकर भाजपा उत्साहित नजर आ रही है। आलम यह है कि लोकसभा चुनाव में अच्छी वोटों से मात देकर जीत दर्ज करने पर भाजपा में मौजूदा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का ना केवल पार्टी में कद बढ़ा है, बल्कि वह तीसरी बार भी टिकट के प्रबल दावेदार बनकर उभर रहे हैं। वहीं, इनके अलावा भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, रिचा पाहवा, निवर्तमान मेयर मदन चौहान, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू, व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग, समाज कल्याण की पूर्व चेयरमैन मलिक रोजी आनंद व कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए देवेंद्र चावला भी टिकट के दावेदारों की सूची में अग्रणीय दिखाई दे रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव फतेह करने को कांग्रेस है बेताब

लोकसभा चुनाव में हरियाणा से पांच सीटों पर दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी यमुनानगर विधानसभा सीट को जीतने को लेकर बेताब दिखाई दे रही है। यमुनानगर विधानसभा सीट पर अब तक हुए चुनाव में दस बार पंजाबी समुदाय से और पांच बार ब्राहमण समुदाय से विधायक बन चुके हैं। इस बार कांग्रेस किसी शसक्त ब्राहण समुदाय से या फिर पंजाबी समुदाय से अपना प्रत्याशी बना सकती है। कांग्रेस में अभी तक मजबूत दावेदारों में सबसे प्रबल दावेदार कांग्रेस वरिष्ठ नेता भारत भूषण बब्बु प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। उन्हें पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई अन्य बड़े नेताओं का आर्शीवाद प्राप्त है। जिसे लेकर क्यास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस यमुनानगर विधानसभा सीट को फतेह करने के लिए भारत भूषण बब्बू को चुनावी संग्राम उतार सकती है। इसका कारण यह भी है कि भारत भूषण बब्बू ब्राह्मण समुदाय से हैं और उनकी ब्राहमण, पंजाबी समेत अन्य वर्गों में भी मजबूत पकड़ है। इनके अलावा राजन शर्मा, रमन त्यागी, राजकुमार त्यागी, निर्मला चौहान, अनिल गोयल, राकेश शर्मा काका व सचिन शर्मा भी टिकट के लिए भाग दौड़ में लगे हैं।

### इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह दे सकते हैं चुनौती

इंडियन नेशनल लोकदल में अभी तक अकेले मात्र पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह की टिकट के लिए मजबूत स्थिति में है। गत विधानसभा चुनाव में वह भाजपा के मौजूदा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा से मात्र 1455 वोटों से हार गए थे। इस बार वह भाजपा समेत अन्य राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में हैं।

### आप का बढ़ता ग्रॉफ बन सकता चुनौती

वर्ष 2019 के चुनाव में आप पार्टी को यमुनानगर विधानसभा सीट पर 0.41 प्रतिशत मत मिले थे। मगर इसके बाद आप ने कंपेन चलाकर जिस तरह संगठन को मजबूती दी है। उससे लगता है कि आप इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस व इनेलो समेत अन्य पार्टियों को कड़ी टक्कर दे सकती है। आप पार्टी में यमुनानगर विधानसभा सीट पर अब तक विस नेता ललित त्यागी की टिकट दावेदारी में मजबूत स्थिति उभर कर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उन्हें दिल्ली में बैठे कुछ आकाओं से टिकट मिलने के संकेत भी मिल चुके हैं। जिसके बाद उन्होंने युद्धस्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अभियान शुरू किया हुआ है। वहीं, लक्ष्मण विनायक व राहुल भान समेत कई अन्य नेता भी टिकट पाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वहीं, जजपा व बसपा ने अभी तक किसी दावेदार के संकेत नहीं दिए हैं।

# प्रतिबंधित दवाई के 480 नशीले कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया मामला दर्ज

यमुनानगर। प्रतिबंधित दवाई के 480 कैप्सूलों के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम में तैनात एसआई सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कैंप बाजार में एक युवक प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर वहां पर संदीप परिस्थितियों में घूम रही युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 480 प्रतिबंधित दवाई के नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान कैंप पार्क कैंप निवासी दीपक के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप


तरावड़ी स्थित हनुमान मन्दिर मे श्रद्धालुओं की भीड़

### मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तरावड़ी।** तरावड़ी मे स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं की हनुमान जी के दर्शनों के लिये की सख्या बढ़ती जा रही है। तरावड़ी के में बाजार में स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को अग्रवाल सभा के हनुमान मंदिर मे हनुमान जी को प्रसाद का भोग लगाकर अपनी हाजरी भरते है। मंदिर के पुजारी पंडित विष्णु प्रसाद का कहना है प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी पूजा अर्चना करने के लिए हनुमान जी खुश होते हैं और भक्तों के दुख दर्द दूर होते हैं।


**तरावड़ी।** जानकारी देते अध्यक्ष योगेश मिडडा, सचिव राकेश हंस व सदस्य।

### भाविप ने योग शिविर के बारे में दी जानकारी

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 21 जून 2024 दिन शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये भाविपा अध्यक्ष योगेश मिडडा ने बताया कि भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा 20 21 और 22 जून को इको सिटी तरावड़ी में करें योग रहे निरोग के नारे के साथ योग शिविर लगाने जा रही है।

### निर्जला एकादशी पर लगाई शरबत की छबील

तरावड़ी। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित श्री कृष्ण गऊशाला की ओर से छबील लगाकर सेवा पुण्य का कार्य किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला करनाल के प्रधान सुनील गुप्ता की अध्यक्षता में पंकज गोयल एमडी 521 फूड्स प्रोडक्ट के सौजन्य से श्री कृष्ण गऊशाला के मुख्य द्वार पर चटपटे आलू और मीठे शरबत की छबील लगाई गई। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद के साथ साथ गो माता का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सरकार की योजनाओं का सभी को मिल रहा लाभ

# गरीबों के खाते में जा रहा योजनाओं का पैसा, विपक्ष के पेट में हो रहा दर्द : सैनी

लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा के उपचुनाव में प्रचंड जीत के लिए मुख्यमंत्री ने जनता व कार्यकर्ताओं का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल प्रवास के दौरान पार्टी कार्यकर्ता से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पैसा सीधे गरीब लोगों के बैंक खाते में पहुंच रहा है और आज जींद में आयोजित श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह में भी करीब 1 लाख गरीब लोगों के खाते में 80 करोड़ की राशि ट्रांसफर की जाएगी। जिसको लेकर विपक्ष के लोगों के पेट में दर्द हो रहा है और वे पोर्टल को लेकर अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अपने करनाल प्रवास के दौरान पार्टी कार्यकर्ता सेक्टर 13 निवासी राजकुमार गोयल के घर पहुंचे और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर राजकुमार गोयल व प्रमोद बंसल ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि लोकसभा के आम चुनाव के बाद केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है और अब हरियाणा प्रदेश में आप सभी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, लगन और संघर्ष के कारण तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा आम चुनाव के प्रत्याशी मनोहर लाल तथा करनाल विधानसभा के उपचुनाव में उन्हें स्वयं प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के लिए करनाल की जनता के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और कहा कि आपके आर्शीवाद के कारण मनोहर लाल केन्द्र सरकार में ऊर्जा व शहरी विकास मंत्रालय का बड़ा मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, भाजपा नेता जगमोहन आनंद, पूर्व एमसी राजेश अग्गी, मेघा भंडारी, वीर विक्रम कुमार, युद्धवीर सैनी तथा विजय वेदपाल, राज सिंह गोदारा, रघुमल भट सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ता तथा जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण उपस्थित रहे।


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हुए।

## समस्याओं का मौके पर हो रहा समाधान

- करनाल आगमन पर मुख्यमंत्री का आम जनता ने पुष्पगुच्छ व पगड़ी पहनाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह की आम जनता में लोकप्रियता निरंतर बढ़ती जा रही है। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करनाल आगमन पर मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर आम जनता हाथों में फूल माला व पुष्पगुच्छ लेकर लंबी कतार में खड़े दिखाई दिए। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का पगड़ी व पुष्पगुच्छ से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह भी स्वयं जनता के बीच में पहुंचकर न केवल उनका हालचाल पूछते है, बल्कि उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करने पर प्रयास करते है। करनाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त होने के बावजूद भी देर सायं लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में 11 बजे तक लोगों की समस्या सुनते रहे और मौके पर ही उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सुबह होते ही फिर से आम जनता से मिलना शुरू किया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया जिसे लेकर आम जनता बेहद खुश दिखाई दी।



## शिविर में पेंशन बनी तो खिले बुजुर्गों के चेहरे

- समाधान शिविर में 47 शिकायतों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार के आदेश पर जिला व उपमंडल मुख्यालयों पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर अनेक लोगों के लिये वरदान साबित हो रहे हैं। उम्र के छह दशक पार कर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुके अनेक लोगों के चेहरों पर उस समय रौनक देखने को मिल रही है जब शिविरों में उनकी बुढ़ापा पैंशन मंजूर हो रही है। ऐसे बुजुर्ग मुक्त कंठ से सरकार की प्रशंसा करते नहीं थकते।

आज यहां समाधान शिविर में पहुंचे शिव कालोनी गली नंबर-दो के बाशिंदे रामदास के अनुसार बुढ़ापा पैंशन के लिये वे अरसे से एक से दूसरे दफ्तर के चक्कर काट रहे थे। आज वोटर कार्ड के साथ-साथ आयु प्रमाण के तौर पर स्कूल रजिस्टर का दस्तावेज लेकर समाधान शिविर में पहुंचे। संबंधित कर्मचारियों ने पूरे दस्तावेज कंप्यूटर में दर्ज कर आश्वस्त किया कि अगले महीने से उनकी पैंशन शुरू हो जायेगा। उन्होंने समाधान शिविरों की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविर बहुत पहले आरंभ करने चाहिए थे। गांव पाढ़ा के 65 वर्षीय धर्मबीर पैंशन के लिये कभी बीडीपीओ कार्यालय तो कभी समाज कल्याण कार्यालय में गुहार लगाते रहे पर बात नहीं बनी। आखिर एसएलसी सर्टिफिकेट लेकर आज समाधान शिविर पहुंचे हाथों हाथ काम हो गया। उन्हें भी भरोसा दिलाया गया कि अगले महीने से बुढ़ापा पैंशन आरंभ हो जायेगा। धर्मबीर का कहना है कि ऐसे शिविर लगातार आयोजित किये जाने चाहिए ताकि सभी पात्र इनका फायदा उठा सकें। उन्होंने पैंशन संबंधी शिकायत का समाधान होने पर सरकार के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। शिविर में पहुंचे ऐसे ही अनेक बुजुर्ग शिकायत का निपटारा होने पर प्रफुल्लित नजर आये। आज के शिविर में 134 में से 47 शिकायतों का निपटारा किया गया।

## सीटीएम शुभम ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगा मैराथन का हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मुख्यातिथि नगराधीश शुभम मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

जिला प्रशासन द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक योगा मैराथन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगराधीश शुभम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खेल विभाग से कोच तथा आयुष विभाग की ओर से जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल, डॉ. नितिन रोहिला उपस्थित रहे। इस मौके पर नगराधीश ने कहा कि योग का अर्थ जोडऩा है। जिला प्रशासन योग के साथ आम जन को जोडऩे के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में आज की मैराथन का आयोजन किया गया है। मैराथन के माध्यम से 21 जून को नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हों, यही मैराथन का मुख्य उद्देश्य है।

## 21 को होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

अनाज मंडी इंद्री में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक स्कूली बच्चों, महिलाओं, नागरिकों और प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अन्तिम रिर्हसल के अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि 21 जून को अनाज मंडी इंद्री में ही खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को खंड स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 6 बजे योगाभ्यास के प्रोटोकोल के अतिरिक्त योग सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


**इंद्री।** इंद्री अनाज मंडी इंद्री में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग करते साधक।

इस मौके पर आयुष विभाग के डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि देश में योग दिवस का एक अपना ही अलग महत्व है। योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की परम्पराओं को समाहित करता है। भारत में योग का प्राचीन समय से ही अहम स्थान रहा है, क्योंकि योगा भारत की प्राचीन पद्वति है। उन्होंने कहा कि लोगों में योग के महत्व की जागरूकता लाना बहुत जरुरी हैं। योग क्रिया करने से मनुष्य मानसिक और शारीरिक रुप से तंदुरुस्त रहता है। उन्होंने ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार है, योग को नियमित रूप से जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने की ताकत प्रदान करता है। योग आध्यात्मिक अनुशासन एवं सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित विज्ञान है जो मन और शरीर के बीच तालमेल का कार्य करता है। उन्होंने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि इस योग दिवस कार्यक्रम में प्रातः 6 बजे पहुंचना सुनिश्चित करे।



### श्री श्याम बाबा के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**करनाल।** श्री खाटू श्याम मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर की ओर से श्याम बाबा का विशाल संकीर्तन आयोजित किया गया। इस संकीर्तन में सर्वप्रथम श्री खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। इस मौके पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, राजेश सिंघला, विनोद गोयल, अनिल गर्ग, रामकरण, कमल शुक्ला ने श्याम बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित की। सुप्रसिद्ध गायक हिमांशु सिंगला, सौरव रसिक, नरेंद्र कौशिक व बिन्नी भैया ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान कर समाबांधा। भजन गायकों ने भजनों की ऐसी रसधार बहाई की श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्याम बाबा के संकीर्तन का आनंद उठाया। जय श्री श्याम, हारे के सहारे की जय के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। वहीं मंदिर की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और छबील लगाई गई। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य सेवक देशराज गुप्ता, अनिल गर्ग, विनोद गोयल, रामकरण गोयल, एमपी गुप्ता, नरेंद्र गोयल, पवन गोयल, कृष्ण गोयल, विवेक गुप्ता, रिशु मित्तल, दीपक मित्तल, अंकुश शर्मा,

## नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर आप का प्रदर्शन

- नीट एग्जाम घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की निगरानी में की जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


करनाल। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए।

आम आदमी पार्टी नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर है। इसी बीच आज आप की करनाल इकाई ने सेक्टर 12 में एक निजी बैंक्वेटल हॉल से जिला सचिवालय तक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा गया। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष डा. बी.के. कौशिक, जयपाल शर्मा, राज्य संगठन मंत्री संदीप राणा व राज्य कोषाध्यक्ष सुनील बिंदल ने कहा कि नीट परीक्षा में धांधली का असर लाखों छात्रों पर हुआ है। इससे युवाओं और देश के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की है कि नीट एग्जाम घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की निगरानी में की जाए। इसके साथ ही एग्जाम को रद्द करके दोबारा कराया जाए। ऐसा होने आप सडक़ से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेगी। आप नेताओं ने कहा कि इस साल 5 मई को देशभर के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर नीट परीक्षा का आयोजन हुआ। इस परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए। चार जून को रिजल्ट जारी किया गया। जहां हर साल एक या दो टॉपर होते हैं, वहीं इस साल कुल 67 टॉपर हैं और इन सभी को 720 में 720 अंक मिले हैं। यही नहीं हरियाणा के एक सेंटर से 6 टॉपर्स होने की बात भी सामने आई। इसके बाद कई सेंटर से पेपर लीक होने की खबरें भी सामने आईं। परीक्षा में 1563 उम्मीदवारों को ग्रेस माक्र्स भी दिया गया, जिसको लेकर एनटीए विवादों में आ गई। आप एनटीए को भंग करने की मांग भी करती है। इस अवसर पर जिला महिला अध्यक्ष रिषा नैन, लाभ सिंह आर्य, युवा जिला प्रधान प्रवीण पूनिया, हवा सिंह, अमर सिंह, सुरेश, राकेश, लख्मीचंद, रामपाल, नवीन चंद, पवन कश्यप, राकेश, जयपाल पूनिया, कुलदीप व धीरज रावत आदि मौजूद रहे।

## अनाज मंडी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

अनाज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सफलतापूर्वक मनाने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। योग दिवस से पूर्व स्थानीय प्रशासन ने आज अनाज मंडी में फाइनल रिहर्सल की। जिसमें विभिन्न विभागों के करीब सभी कर्मचारियों अधिकारियों के अलावा एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी ने शिरकत की। बता दे की 21 जून को पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है जिसके चलते घरौंडा में भी इसकी तैयारी पिछले करीब 2 सप्ताह से पूरे जोरों से चली आ रही थी। पिछले करीब दो सप्ताह से आयुष विभाग की ओर से विभिन्न विभागों के कर्मचारी व अधिकारियों की मीटिंग लेकर योग के बारे में बताया व सिखाया जा रहा था। योगा की तैयारी को लेकर आज नई अनाज मंडी में सुबह के समय फाइनल रिहर्सल की गई। जिसमें एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी ने विशेष तौर पर शिरकत करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योग भी किया। एसडीएम राजेश सोनी ने बताया कि 21 जून को सुबह 5:30 बजे मंडी में होने वाले योग दिवस के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है आज फाइनल रिहर्सल करवाई गई है।

## नगर निगम करनाल कार्यालय ने छबील लगाकर पिलाया शरबत

- छबील कार्यक्रम का जीरो वेस्ट थीम पर रहा आयोजन
- नागरिकों को प्लास्टिक त्यागने का दिया संदेश : धीरज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर निगम करनाल की ओर से कार्यालय परिसर के सामने शीतल पेय पदार्थ की बुधवार को छबील लगाई। नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार की अध्यक्षता में निगम कर्मचारियों ने छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा व मीठा जल पिलाया और नागरिकों की प्यास बुझाकर कड़कती धूप से राहत देने का प्रयास किया। बता दें कि नगर निगम करनाल कार्यालय पिछले कुछ वर्षों से इस प्रकार का आयोजन करता आ रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देश में छबील लगाने का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी के प्रकोप ने आमजन को बेचैन कर रखा है। ऐसे में नगर निगम कर्मचारियों ने हजारों की संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को सांय तक ठंडा व मीठा पानी पिलाने की सेवा की और नागरिकों को कड़कती गर्मी व लू से राहत दिलाई। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त व अतिरिक्त निगम आयुक्त द्वारा मिट्टी के बर्तनों में शीतल जल भरा गया, जिन्हें निगम कार्यालय के आस-पास व छत पर रखा गया, ताकि पशु-पक्षियों की प्यास भी बुझाई जा सके। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि छबील कार्यक्रम को जीरो वेस्ट थीम पर आयोजित किया गया। इसमें किसी भी प्रकार का प्लास्टिक या डिस्पोजल आईटम का प्रयोग नहीं किया गया। डिस्पोजल गिलास के स्थान पर स्टील के गिलास उपयोग में लिए गए थे।


## नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणितः अशोक

# टीमें डोर टू डोर प्रॉपर्टी आईडी को कर रहीं स्व-प्रमाणित

- वित्त वर्ष 2024-25 के सम्पत्ति कर पर पाएं 10 प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम क्षेत्र में सम्पत्ति आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम की 20 टीमें सभी वार्डों में डोर टू डोर जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सत्यापन करने का कार्य कर रही हैं। अब तक 31 हजार 163 सम्पत्तियों को स्व-प्रमाणित किया जा चुका है। जो व्यक्ति सम्पत्ति आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर रहे हैं, उन्हें वित्त वर्ष 2024-25 के सम्पत्ति कर पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। यह जानकारी नगर निगम के उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बुधवार को दी। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा कि वे एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर अपने डाटा को लॉक करें। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को लॉक करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेडख़ानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। ऐसा करने से सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करते ही प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है। इसके पश्चात अगर कोई भी व्यक्ति इसमें आपत्ति दर्ज करना चाहे तो उसके लिए ओ.टी.पी. सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक के पास आएगा। इसके बिना वह कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्य को करने के लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं, जो डोर टू डोर जाकर सभी सम्पत्ति धारकों से सम्पर्क कर प्रॉपर्टी आई.डी. का डाटा स्व-प्रमाणित करने का कार्य कर रही हैं।


वार्डों में डोर टू डोर जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सत्यापित करने का कार्य करते कर्मचारी।

### प्रॉपर्टी आई.डी. को कैसे करें स्व-प्रमाणित

उन्होंने बताया कि नागरिक सबसे पहले एन.डी.सी. पोर्टल प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर जाएं। इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने साईट पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ है तो ठीक, नहीं तो न्यू रजिस्ट्रेशन का बटन क्लिक कर उस पर अपना ब्यौरा दर्ज करें। इसके पश्चात अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से लॉगिन करें तथा सर्च फील्ड में जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सर्च करें। फिर प्रॉपर्टी का ब्यौरा पर क्लिक कर उसे चेक करें। प्रत्येक ब्यौरा के आगे येस व नो, दोनो विकल्प मिलेंगे। उसे ध्यान से पढऩे के बाद, सारा डाटा ठीक दिखाई दे, तो उसे येस कर दें। सारी जानकारी को येस करने के बाद अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें, उसके पश्चात प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अगर प्रॉपर्टी आई.डी. डाटा में कोई त्रुटि हो, तो रजिस्ट्री व आधार कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेजों सहित नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केन्द्र (सी.एफ.सी.) में आकर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरी के दो आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने गांव रजापुर में मकान में चोरी करने वाले नामजद दो आरोपियों सोनू पुत्र बलजीत व संदीप पुत्र अशोक निवास रजापुर को गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि इस मामले में संजीव की शिकायत पर थाना सदर में अभियोग दर्ज है। वहीं, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में नामजद अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है।

### पुलिस ने दो बाइक चोर पकड़े

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम यूपी की मुजफ्फरनगर जेल में बंद बाइक चोर गिरोह के दो आरोपियों को मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपियों की पहचान परमजीत निवासी दयानंद नगर व शिवम निवासी रामपुरा शामली यूपी के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने 29 मई को बेरीवाली मस्जिद के पास स्थित फैक्टरी के बाहर से एक स्पलेंडर बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना किला में विनोद पुत्र रामेश्वर निवासी काबड़ी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### मीठे पानी के साथ ब्रेड पकोड़े बांटे

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म में एकादशी व्रत व जल वितरण करने का विशेष महत्व बताया गया है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। इसी निर्जला एकादशी पर्व के उपलक्ष में शिव बाबा की रसोइ भूखा रहे न कोई उदेश्य को लेकर सेवादारों ने राहगीरों व आस पास रह रहे जनमानस के लिए ठंडे मीठे जल व ब्रेड पकाड़े वितरित कर भीषण गर्मी में पड़ रही लू से राहत प्रदान करने का कार्य किया। इस अवसर पर पवन कालड़ा, सुरेंद्र फुटेला, अशोक गाबा, राहुल, डा.संजय सेन, मनोज गुप्ता, सुरेश डावर, सुदर्शन चुघ, हेंमत जग्गा ने विशेष सहयोग किया।

### सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा

**पानीपत।** कांग्रेस नेता संदीप भारद्वाज खलीला द्वारा एक फिर लोकसभा चुनाव के बाद गरीब आवास संघर्ष यात्रा के तहत ग्रामीण हलके के गांव बबैल, भारत नगर व हाली कॉलोनी और धूप सिंह नगर में घर घर जाकर लोगों से मिल कर उनकी समस्या को जाना। एडवोकेट संदीप खलीला ने दावा किया कि पात्र जनता को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### मैंगो शेक की छबील लगाई

**पानीपत।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच विभिन्न संस्थाओं व आमजनों द्वारा मीठे पानी छबीलें लगाकर लोगों को राहत देने का कार्य किया जा रहा है। समालखा में कई जगहों पर लोगों द्वारा छबीलें लगाई गई। एकादशी के बाद बुधवार को द्वादशी पर भी रेलवे रोड पर श्याम बाबा प्रेमियों द्वारा छबील लगाकर लोगों को तृप्त किया। गर्मी से परेशान लोगों को ठंडाई, जूस, मैंगो शेक आदि पिलाया गया। इस अवसर पर मनी गुप्ता, अजय, आकाश, सुमित, शीलू, रमेश, प्रिंस व आशु आदि ने सहयोग किया।

### जाल वाली माता पर लगाया भंडारा

**पानीपत।** पानीपत के गांव भापरा में जाल वाली माता पर हर वर्ष की भांति लोगों द्वारा आपसी सहयोग से एकादशी के अवसर पर भंडारा लगाया गया। इससे पहले लोगों ने हवन यज्ञ करते हुए मंगल कामना करते हुए आहुति अर्पित की। लोगों ने बताया कि हर वर्ष भंडारा लगाया जाता है। आपसी भाईचारे व सद्भाव के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। इस अवसर पर डा.नरेश, बलवान कश्यप, धर्मबीर, कर्मबीर, हवा सिंह व संजय भापरा आदि मौजूद रहे।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 22 को

**कुरुक्षेत्र।** संत कबीर दास जी के जन्म दिवस पर 22 जून को वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

---

जलभराव वाले संभावित स्थलों का निरीक्षण किया

# पानीपत को बरसाती पानी के प्रकोप से बचाने को विधायक सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के जीटी रोड पर हर वर्ष की तरह बरसात में जलभराव की समस्या न हो इसके लिए पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने एलएनटी अधिकारियों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ जीटी रोड के नाले का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान नाले की सफाई का ठीकरा अधिकारियों ने एक दूसरे के ऊपर फोड़ ने की कोशिश की। वहीं, विधायक प्रमोद विज ने दोनों विभागों के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आपकी आपसी लड़ाई में शहर की जनता को परेशानी नहीं होने दूंगा। दोनों विभागों के अधिकारियों को तय करना होगा कि नाले को साफ करने की जिम्मेदारी किसकी है। विधायक ने पानीपत निगम कमिश्नर एवं उपायुक्त को भी मौके पर बुला कर अधिकारियों को निर्देशित किया, डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने एलएनटी अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि नाले की सफाई करने की जिम्मेदारी एलएंडटी की बनती है, अगर सफाई नहीं की तो एनएंडटी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं, शहर के नाले, नालियों आदि की सफाई को लेकर उपायुक्त डॉ. दहिया संबंधी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।



पानीपत। पानीपत की जीटी रोड पर विधायक प्रमोद विज, डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया आदि ड्रेनेज सिस्टम जांचते हुए।

---

# जिला स्तर पर हुई योग मैराथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। योग दिवस के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए मैराथन दौड का आयोजन करते हुए युवा वर्ग। फोटो :हरिभूमि

योग दिवस की तैयारियों को लेकर बुधवार को स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिसका अवलोकन एसडीएम मनदीप कुमार ने किया। जिला स्तर पर योग मैराथन हुई। जिला स्तरीय कार्यक्रम हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। जिला भर में योग को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर सुबह सात बजे से आठ बजे तक अंतिम अभ्यास किया गया।

---

# भाजपा मनाएगी विश्व योग दिवसः दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में भाजपा, 21 जून को दसवां विश्व योग दिवस बूथ स्तर पर मनाएगी। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जिला महामंत्री रोशन लाल ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया तथा जिला महामंत्री कृष्ण छोकर ने सभी का स्वागत किया। वहीं, भट्ट ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में जहां प्रकृति पूजा का संदेश दिया गया है वहीं पहला सुख निरोगी काया को ही माना गया है, लेकिन बढ़ता प्रदूषण और विलासितापूर्ण जीवनशैली सुखी जीवन के मार्ग में सबसे बड़ी रुकावट है। ऐसे दौर में मनुष्य प्रकृति के निकट जाकर योगाभ्यास करें तो सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है। इसलिए सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रतिदिन योग करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर आयुर्वेदिक औषधियों को प्राथमिकता देनी चाहिए।



भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, योग दिवस को लेकर बैठक करते हुए।

---

# शिविर में 208 समस्याएं पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नागरिकों की समस्याओं का समाधान धरातल पर हो रहा है। राज्य सरकार की नई पहल समाधान शिविर इस कड़ी का बड़ा हिस्सा बनता जा रहा है। प्रशासन इस कार्य में अहम कड़ी साबित हो रहा है। जरूरतमंद एक ही छत के नीचे लगाए जा रहे समाधान शिविर का लाभ लेकर अपने जीवन में परिवर्तन कर रहे है। जो समस्याएं उन्हें रात दिन अनिश्चिता में रखती थी आज उनका निदान निश्चित समय अवधि में हो रहा है। समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों की समस्याओं का निदान तो होता ही है साथ ही साथ उन्हें हौंसला और संतोष भी मिलता है। समस्याओं के निदान को लेकर पहुंच रहे लोगों में विशेष हौंसला दिखाई पड़ता है इसका श्रेय शिकायत कर्ता सरकार व उपायुक्त को देते है। लोगों का मानना है कि प्रशासन उनकी समस्याओं पर संज्ञान लेकर उनको दूर करने का आश्वासन नहीं देता बल्कि उन पर कार्यवाही का अमली जामा पहनाता है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में आयोजित किये जा रहे इन समाधान शिविर में जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में बुधवार को 208 समस्याएं विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा प्राप्त हुई जिनमें बहुत सी समस्याओं का मौके पर निदान किया गया। समाधान शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



पानीपत। जनसुनवाई करते हुए डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया, एसपी अजीत शेखावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो :हरिभूमि

---

# शहीदों के स्मृति स्मारकों पर तिरंगा लहराया

- कार्यक्रम में शहीद के परिजनों द्वारा ध्वजारोहण कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

शहीद सेवा दल द्वारा संचालित कारगिल यात्रा 40 वें दिन गांव पूठर व बांध पहुंची। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की देख रेख में पूठर में कारगिल शहीद हवलदार विजय सिंह व बांध के राजकीय स्कूल में शहीद अमरदीप सिंह की स्मृति में स्मारकों पर 20 फुट ऊंचा तिरंगा लहराया गया। यात्रा का नेतृत्व सावन सिंह रोहिल्ला कर रहे थे। कार्यक्रम में शहीद के परिजनों द्वारा ध्वजारोहण कराया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे सावन सिंह रोहिल्ला ने बताया की शहीद सेवा दल द्वारा प्रदेश के सभी शहीदों के स्मारकों पर ध्वजारोहण कर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है। यात्रा 10 मई को सिरसा से शुरू हुई। जिसका समापन 15 अगस्त को अग्रोहा हिसार में होगा। यात्रा का मकसद युवाओं को कारगिल शहीदों की वीरगाथाओं से अवगत करा उन्हें प्रेरणा देना है। इस मौके पर 4-जाट के ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन से जयभगवान फौजी, डॉ सतबीर सहरावत, राजरूप फौजी, बिमला देवी, सचिन घनघस, हरिपाल घनघस, सरपंच सुमेर सिंह, जसमेर सिंह, मास्टर महिपाल, सतपाल, गीता, वेदों देवी, अंकित मलिक, हिमांशु गोहाना, दीपक कश्यप, शारिश खान व मोनू मौजूद रहे।



पानीपत। कारगिल युद्ध के शहीदों की याद में तिरंगा लहारते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

# आप का नीट पेपर लीक व धांधली के खिलाफ प्रदर्शन

- उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राकेश चुघ एवं प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक के नेतृत्व में नीट पेपर लीक व धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच की मांग की। इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी व सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि हाल ही में देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा नीट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी ने देश के लाखों बच्चों का भरोसा तोड़ दिया है। बीजेपी सरकार में देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। लाखों बच्चे और अभिभावक इसकी वजह से मानसिक तनाव में हैं। वहीं सुखवीर मलिक ने कहा कि नीट के परिणाम 14 जून को आने थे, लेकिन इसे दस दिन पहले यानि 4 जून को ही जारी कर दिया गया। ताकि मीडिया चुनावी नतीजों में लगी रहे और भाजपा के पेपर लीक की चर्चा न हो। इसलिए एनटीए ने जान बूझकर 4 जून को नतीजे जारी किए। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि किन कारणों से 14 जून की जगह 4 जून को नीट के नतीजे जारी किए गए। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय और उसके अधीन आने वाले एनटीए ने भाजपा शासित राज्यों में उसके नेताओं के साथ मिलकर देश के लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इसलिए आम आदमी पार्टी मांग करती है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नीट परीक्षा में हुए घोटाले की जांच कराई जाए।




पानीपत। नीट पेपर लीक मामले में प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

---

# धार्मिक यात्रा करने से मन की शांति मिलती है : प्रियंका

- बाबा श्याम सेवा समिति की बस श्रद्धालुओं को लेकर चुलकाना धाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। मुख्यअतिथि प्रिंयका हुड्डा द्वारा बस को रवाना किया गया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर प्रिंयका हुड्डा का आयोजकों द्वारा फूल माला व पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। वहीं प्रिंयका हुड्डा ने नारियल फोड़कर बस रवाना की गई। धार्मिक यात्रा करने से मन की शांति मिलती है। उल्लेखनीय है कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा के निःशुल्क दर्शन करवाती है। जिसमे संस्था द्वारा आना -जाना व खाना निःशुल्क दिया जाता है। इस अवसर पर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, गोबिंद सैनी,अजय ठाकुर, राजिंद्र पाल, दिनेश मितल, संस्था के वकील ललित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं बाबा श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष पवन ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार प्रकट किया।




पानीपत। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री प्रिंयका हुड्डा को सम्मानित करते आयोजक।

---

# हमेशा सत्य का आचरण करें : आचार्य संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जीवन में वही लोग उन्नति और सम्मान पाते हैं जो हमेशा सत्य का आचरण करते हैं। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चले रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर में रोजड़, गुजरात से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य संदीप ने कहे। उन्होंने वीरांगनाओं को जीवन में हमेशा सद्मार्ग पर चलने और यथासंभव दूसरों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पहुंचने पर संचालिका व्रतिका आर्या एवं मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने आचार्यश्री का स्वागत किया। बता दें कि गुजरात मे महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी की प्रेरणा एवं सार्वदेशिक आर्य वीर दल के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती के मार्गदर्शन में गुरुकुल में यह शिविर चल रहा है जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों की लगभग 400 आर्य वीरांगनाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। आचार्य संदीप ने वीरांगनाओं को सम्बोधित करते हुए कहा शिविरों में युवाओं को समाज में फैली बुराइयों को दूर कर नई जाग्रति लाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है।

---

### दर्रा कलां में पनप रही 2 अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार थानेसर उपमंडल में राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां एनआईटीगेट के सामने में 2 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अशोक गर्ग ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां एनआईटीगेट के सामने में 2 अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने श्राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां एनआईटीगेट के सामने में 2.75 एकड़ व 3 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों को पीले पंजे से हटाया गया।

### संकीर्तन में झूमे श्याम प्रेमी

**थानेसर।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड़ स्तिथ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 525वां श्री श्याम ताली संकीर्तन आयोजित किया गया।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्टार पानीपत।**

**मुकेश पुत्र श्री सेवा राम निवासी मकान नं. 19/2, न्यू माडल टाउन, तह. व जिला पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मुकेश पुत्र श्री सेवा राम निवासी मकान नं. 19/2 न्यू माडल टाउन, तह. व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तीत करने हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि प्रार्थी के के पिता सेवा राम पुत्र श्री रुलिया राम का देहान्त काफी अरसा पहले हो चुका है। प्रार्थी की दादी माड़ो का देहान्त काफी अरसा पहले हो चुका है प्राथी की माता सुमित्रा देवी का देहान्त दिनांक 19/5/2012 को हो चुका है उक्त की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। पटवारी हल्का तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है। यह कि प्रार्थी के पिता/ माता / दादी के देहान्त के बाद 1. मुकेश 2 उर्मिला 3 संतोष पुत्र/ पुत्रीयान सेवा राम पुत्र श्री कलिया राम वारीस हैं। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस नहीं है। जिसके सम्बध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताई गये वारिस के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन को अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेजों का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 14/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्टार, पानीपत**

---

**पौधरोपण** | डीएसपी सैनी नव स्थापित हर्बल गार्डन का दौरा किया और सतावर का हर्बल पौधा रोपित किया

# दलजीत ने अपनी टीम के साथ पौधरोपण कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने बताया कि बुधवार को सिटी थाना पानीपत में सहयोग संस्था के प्रधान गौरव लीखा और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह के बुलावे पर हर्बल गार्डन बनाने के लिए पौधोरोपन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चार प्रकार की तुलसी, बेहड़ा, काला बासा, दो प्रकार की इंसुलिन, आंवला, कड़ीपत्ता, ईमली, मल्टी स्पाइसी प्लांट, अजवायन, एलोवेरा, सतावर, मधुमालती, गिलोय, सहजन, इसबगोल, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, सतावर, दालचीनी, तेजपत्ता, पपीता, सफेदआखा, स्नेकप्लांट्स, अपराजिता, छिपकली बेल, सुखशांति, टिकोमा सहित 95 हर्बल पौधे रोपित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि जब हरियाणा पुलिस के जवान दिन रात मेहनत करके जनसाधारण के जीवन व अधिकारों की रक्षा करते हैं तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम पुलिस थाने में ऑक्सीजन पार्क व हर्बल गार्डन का निर्माण कर रहे हैं। सहयोग संस्था के प्रधान गौरव लीखा ने कहा बढ़ रहे तापमान को कम करने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधे लगाना है इसी कड़ी में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के सहयोग से हर्बल गार्डन का निर्माण किया जा रहा है। डीएसपी सैनी नव स्थापित हर्बल गार्डन का दौरा किया और सतावर का हर्बल पौधा रोपित किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने कहा कि पौधोरोपन अभियान में शामिल होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और जनसाधारण का आह्वान किया कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करे। सुधा झा, संदीप कल्याणी, मेहुल, नवीन मुंजाल, रमेश चौधरी, लक्ष्य बजाज, सतीश सैनी सहित 50 बच्चों और गणमान्य लोगों ने पौधरोपण अभियान में भाग लिया।




पानीपत। थाना सिटी परिसर में हर्बल गार्डन बनाते हुए ग्रीनमैन दलजीत व उनकी टीम।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित व सुमित को गिरफ्तार किया है। गांव छन्नी के गुरजंट सिंह ने 06 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मोहित व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज की धोखाधड़ी की मामले में पुलिस ने आरोपी परवीर सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पहले गिरफ्तार आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ मोहित ने दौराने पूछताछ बताया था कि परवीर सिंह भी इस मामले में संलिप्त है। पंचकुला के इंद्रजीत सिंह ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 दिसंबर 2023 को आरोपी तीन प्लास्टिक केन व कार में धोखाधड़ी से पेट्रोल डलवा कर भागने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोहन लाल को गिरफ्तार किया है। आशीष ने 27 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी बिंदू व अन्य ने बस अड्डा हसनपुर पर उससे डंडों व रॉड से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### दहेज उत्पीड़न केस में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** महिला पुलिस थाना में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जांच किया है। महिला ने 31 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अप्रैल 2023 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की के लिए जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला काबू

**अंबाला।** आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने 23 फरवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव संभालखा में आरोपी विशाल व अन्य ने उसके भाई को मानसिक रूप से परेशान किया जिससे उसने आत्महत्या कर ली।

## अंबाला शहर विधानसभा सीट

# लोकसभा चुनाव में मिली जीत से कांग्रेस में टिकट के मजबूत दावेदारों की फौज

भाजपा में परिवहन मंत्री के सामने ज्यादातर नेताओं का दावा कमजोर, शहर से पार्टी की हार का मौका भुनाने की कोशिश अंबाला लोकसभा सीट से जीत के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद, हार की वजह से भाजपाई निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


परिवहन मंत्री असीम गोयल, भाजपा


पूर्व मंत्री नर्मिल सिंह


एडवोकेट रोहित जैन


डिप्टी मेयर राजेश मेहता


चेतन चौहान


अमीषा चावला

**भाजपा से मंत्री फिर सबसे बड़े दावेदार**

अंबाला शहर विधानसभा सीट से लगातार दो बार जीत का स्वाद चख चुके परिवहन मंत्री असीम गोयल को इस बार भी पार्टी का कोई नेता चुनौती देता दिख नहीं रहा। वैसे तो पार्टी में कई नेता खुद को टिकट का दावेदार बताते हैं लेकिन असीम के सामने उनकी दावेदारी कमजोर दिखती है। पेशे से वकील संदीप सचदेवा, डॉ. संजय शर्मा व जगमोहन लाल समेत कई नेता खुद को भाजपा की टिकट का दावेदार आंकते हैं। पर जिस तरह से मंत्री असीम गोयल की पार्टी में पकड़ है उस लिहाज से दूसरे नेताओं का दावा थोड़ा कमजोर नजर आता है।

**लोकसभा चुनाव में हार से बिगड़ी स्थिति**

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में अंबाला शहर विधानसभा सीट से भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा है। इस बार कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी वरूण चौधरी ने भाजपा की बंतो कटारिया को शिकस्त देकर पहली बार सांसद बनने का गौरव हासिल किया है। हालांकि लगातार दस साल से अंबाला शहर विधानसभा सीट पर भाजपा का कब्जा होने के बावजूद इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी यहां से पांच हजार ज्यादा मतों से हार गई। इसी वजह से भाजपा के दूसरे नेता अंदरखाते परिवहन मंत्री असीम गोयल की कार्यशैली पर सवाल उठाकर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं।

लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। राज्य में 5-5 सीटें जीतकर भाजपा- कांग्रेस बराबरी पर आ गई हैं। पिछले दस सालों से राज्य की सत्ता पर काबिज भाजपा के पांच सीटें हारने की वजह से उसके ज्यादातर नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा हुआ है। उधर जीरो से पांच सीटों पर आई कांग्रेस को नई ताकत मिली है। उसके कार्यकर्ताओं में पूरा जोश है। इसी वजह से कार्यकर्ता राज्य की सत्ता पर काबिज होने के सपने संजोकर विधानसभा की तैयारी में जुट गए हैं। खासकर दस साल बाद अंबाला लोकसभा सीट पर मिली जीत के बाद अब इसकी नौ विधानसभा सीटों पर दावेदारों की लिस्ट भी लंबी हो गई है। खासतौर पर अंबाला शहर विधानसभा सीट पर टिकट के लिए कांग्रेसी नेता अभी से जोर अजमाइश करने लगे हैं।

### इन नेताओं की दावेदारी मजबूत

अंबाला शहर विधानसभा सीट पर वैसे तो कई नेता कांग्रेस की टिकट के दावेदार हैं। अभी प्रचार के लिहाज से पूर्व मंत्री निर्मल सिंह सबसे आगे दिख रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पिछला चुनाव बेहद नजदीकी मुकाबले में हारने वाले निर्मल सिंह को इस बार कांग्रेस की टिकट मिलने के साथ ही जीत मिलने की भी उम्मीद है। इसके बाद अंबाला शहर से दूसरे दावेदार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रहे एडवोकेट रोहित जैन हैं। पेशे से वकील जैन की गिनती अब मजबूत नेताओं में होती है। जैन की माता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री किरण बाला जैन भी 2000 में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुकी हैं। तब वे बेहद नजदीकी मुकाबले में भाजपा की दिवंगत विधायक वीना छिब्बर से हार गई थी। अंबाला शहर से तीसरे दावेदार डिप्टी मेयर राजेश मेहता हैं। हालांकि वे लोकसभा चुनाव के दौरान दोबारा कांग्रेस में शामिल हुए हैं। करीब तीन साल पहले निगम चुनाव जीतने के बाद वे हरियाणा जनचेतना पार्टी में शामिल हो गए थे। अब दो निगम सदस्यों के साथ मेहता की पार्टी में वापसी हुई है। पंजाबी व ब्राह्मण समुदाय में मेहता की मजबूत पकड़ है। पहले उनकी माता फिर वे लगातार निगम चुनाव जीत रहे हैं। अब डिप्टी मेयर का मजबूत पद भी उनके पास है। ऐसे में उनके दावे को कमजोर नहीं आंका जा सकता।

अंबाला शहर से चौथे दावेदार चेतन चौहान हैं। चेतन ने पिछले कुछ समय में कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में मजबूत एंट्री की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव होने के साथ चेतन की गिनती पार्टी की तेजतर्रार नेता प्रियंका गांधी के खास नेताओं में होती है। अक्सर उन्हें पार्टी के बड़े कार्यक्रमों में मंच पर राष्ट्रीय नेताओं के साथ देखा जा सकता है। इसके अलावा अन्य दावेदारों में पूर्व विधायक जसबीर मलौर व अंबाला शहर सीट से चुनाव लड़ चुके हिम्मत सिंह व निगम सदस्य मिथुन वर्मा भी शामिल हैं। पेशे से वकील मिथुन वर्मा ने छोटी उम्र में निगम चुनाव जीतकर सबको चौका दिया था। महिला दावेदारों की अगर बात करें तो मेयर का चुनाव लड़ चुकी अमीषा चावला का दावा सबसे मजबूत है। अमीषा व उनके पति स्वर्गीय बिट्टू चावला की गिनती पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास नेताओं में होती है।


**अंबाला।** भाजपा में शामिल हुए युवाओं का अभिनंदन करते पूर्व मंत्री अनिल विज।

# दर्जनों युवकों ने थामा भाजपा का दामन

- पूर्व गृहमंत्री अनिल विज बोले युवा पार्टी की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर बुधवार को उनके आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों के युवाओं ने ग्रामीण युवा मंडल प्रधान रवि जाट के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

भारी संख्या में युवा बब्याल, कलरहेड़ी, पंजोखरा साहिब, डिफेंस कॉलोनी, डेहा मंडी व अन्य क्षेत्रों से भाजपा में शामिल हुए। विज ने कहा कि युवा पार्टी की रीढ़ है और उन्होंने पार्टी के लिए बढ़चढ़ कर कार्य करने का आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पटके पहनाकर सभी युवाओं का पार्टी में स्वागत किया। युवाओं ने पूर्व मंत्री को फूल-मालाएं भेंट कर उनसे आर्शीवाद लिया और पार्टी के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए आश्वस्त किया। पार्टी में शामिल हुए युवाओं ने बताया कि अनिल विज की बदौलत आज अम्बाला दिन-रात तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है। अम्बाला छावनी में विकास के इतने कार्य हुए हैं जिनका जनता को लाभ मिल रहा है। युवाओं के लिए अनिल विज ने फुटबाल स्टेडियम, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, जम्निास्टिक हॉल, बैडमिंटन हॉल, स्पोर्ट्स होस्टल का निर्माण करवाया है जिससे युवा खेलों में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं, इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल प्रधान किरणपाल चौहान, महासचिव नरेंद्र राणा व रामबाबू यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा में रवि जाट के नेतृत्व में अतुल, कर्ण, बलदिं्र, यश, मनमीत सिंह, हिमांशु सिंह, कुवर, गौरव सिरसवाल, प्रथम कन्नौजिया, भरत भानू, हर्षित, हार्दिक, चिताश, रमन, अक्षित गौढ़, यश, आयुष, प्रथम कक्कड़, नकुल राणा, आरक्षित, अंतुल, आर्यन, विनय कुमार, महिपाल राणा, सुखबीर सिंह, रमेश कुमार, अरविंद कुमार, अभिषेक, जितेंद्र, हर्ष भाटिया, राघव शर्मा, पारस खन्ना, हिमांशु, अभिषेक गुर्जर, शिवांश, अतुल शर्मा, अभिषेक कश्यप, पारस लांबा, हर्ष कुमार, वंश, अभिषेक कुमार, हैरी कल्याण, अर्षदीप सिंह, अंकुश बब्बू, सोहेल, दवदिं्र व अन्य युवा भाजपा में शामिल हुए।

# छावनी में मुख्य नालों की सफाई शुरू, निजी एजेंसी को दिया ऑर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के मुख्य नालों की सफाई का काम शुरू हो गया है। नगरपरिषद की ओर से एक प्राइवेट एजेंसी को यह कार्य दिया गया है। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने बुधवार को खुद नालों की सफाई के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद अंबाला सदर क्षेत्र के अंतर्गत 4 मुख्य आते हैं। इनमें हाथी खाना मंदिर नाला, गुडगुडिया नाला, महेशनगर नाला व बब्याल ड्रेन शामिल है।

नगर परिषद द्वारा उपरोक्त सभी नालों की सफाई का कार्य एक निजी एजेंसी को दिया गया है। उन्होंने बताया कि एजेंसी द्वारा नालों की सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है। नालों की सफाई के लिए


**अंबाला।** नालों की सफाई के कार्य का जायजा लेते हुए एसडीएम।

सफाई कर्मचारी, पोकलेन मशीन, जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाए गए हैं ताकि मानसून से पहले-पहले नालों की सफाई करवाई जा सके। नगर परिषद द्वारा छोटे नालों की अपने स्तर पर सफाई करवाई जा रही है। परिषद के पास5 पंप हैं जिनकी आवश्यकता पडने़ पर उनका प्रयोग किया जाएगा।

# समाधान शिविर से मिल रही लोगों को राहत

- डीसी ने 13 शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जनता की शिकायतों व समस्याओं के निवारण के लिए प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 से 11 बजें तक समाधान शिविर का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के कोर्टरूम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त डॉ. शालीन ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को क्रमवार एक-एक करके ध्यान से सुना और तत्काल कार्रवाई करते हुए अधिकत्तर समस्याओं का समाधान


**अंबाला।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ. शालीन व मंडल कमिश्नर रेणू फूलिया।

किया। बता दे कि इस दौरान अंबाला डिविजनल कमश्निर डॉ. रेनू एस फुलिया ने शिविर में पंहुचकर जायजा लिया व आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की कुल 13 समस्याएं प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी थी।

उन्होंने बताया कि पीपीपी (परिवार पहचान पत्र) व समाजिक सुरक्षा पैंशन व राशन कार्ड से जुड़ी समस्या का मौके पर ही समाधान करवाया गया और बाकी समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों सौंपकर उनका जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने शिविर में आएं लोगों की जानकारी देते हुए बताया कि मोहनलाल शर्मा, की काफी समय से फेमिली आईडी की समस्या थी, जो समाधान शिविर में समस्या रखने से उसका समाधान हो गया। गांव रछेडी की परिवार पहचान पत्र में करेक्शन करवा कर उनकी समस्यां का मौके पर ही समाधान किया गया। वृद्ध महिला माया देवी, दोराला बिरता ने बताया कि राशन डिपो पर उंगलियों व अंगूठे के निशान न आने से बॉयोमेट्रिक नहाँ लग पा रही थी जिससे उसे राशन नहीं मिल रहा था परन्तु समाधान शिविर मे आने से मेरी समस्या खत्म हो गई।

इस मौके पर एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा, एडीसी अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, सीटीएम वश्विजीत सिंह, सीईओ जिला परिषद नवीन आहुजा, सयुक्त आयुक्त नगर निगम पुनित, डीएसपी रजत गुलिया, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, एक्सईएन युएचबीवीएन सुखबीर सिंह के साथ जिला कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य साहब सिंह व अमरदीप सिंगला भी मौजूद रहे।

### सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सरकार देगी 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी

**नारायणगढ़।** एसडीएम यश जालुका ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से प्रदेश के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रूपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आए लोगों को एसडीएम इस योजना के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 1 लाख 80 हजार रुपए तक वार्षिक आय वाले गरीब परिवारों को 2 किलोवाट तक 60 हजार तक की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा, 50 हजार रूपये की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इसी प्रकार 1.80 लाख से 3 लाख रूपये तक वार्षिक आय के लाभार्थियों को 2 किलोवाट तक 60 हजार रूपये तक की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा, 20 हजार रूपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। किसी को सौर ऊर्जा पर आधारित ट्यबूवेल के कनेक्शन लेने है वे भी अपने आवेदन कर लाभ उठा सकते है। इन योजनाओं का लाभ पहले आओं-पहले पाओं के आधार पर मिलेगा।समाधान शिविर में 52 समस्याएं आई। गांव लौटों के बुजुर्ग शेर सिंह की वृद्धावस्था पेंशन को लगाने से जुड़े मामले में एसडीएम ने डीएसडबल्यूओं को नर्दिश दिए कि सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर पेंशन का लाभ दिलाया जाए। इसी प्रकार नगरपालिका से एनडीसी से जुड़ी दो शिकायतों का भी मौके पर ही समाधान किया गया।


**नारायणगढ़।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम व अन्य।

### अधोया में छबील लगा कर लोगों की बुझाई प्यास

**बराड़ा।** गांव अधोया में स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटूश्याम मंदिर सभा द्वारा ठंडा जलजीरा की छबील सरकारी स्कूल के पास लगाई गई। संस्था के सदस्य बृजेश बंसल ने बताया कि गर्मी के कारण आम जनमानस बेहद परेशान है। छबील लगाकर लोगों को गर्मी में राहत दिलाने का काम किया गया। यदि पर्यावरण बचेगा तो हम बचेंगे। भयंकर गर्मी में लोगों की सेवा के लिए उन्होंने छबील लगाई है। इस अवसर पर घनश्याम शर्मा, रवदिं्र शर्मा, मुकेश गर्ग, संदीप गोयल, मिंटू प्रजापत, हरपाल सिंह, पिंकू राणा, सुदेश बिंदल,रजत वर्मा, राजीव गर्ग, शंटी पंडित, रामपाल सिंह, गौरव शर्मा, कुणाल, अश्विनी गोयल व अन्य साथीगणों ने लगाई गई छबील में आने जाने वालो को रोककर मीठा और ठंडा पानी पिलाया गया।


**बराड़ा।** छबील लगा कर पानी पिलाते हुए ग्रामीण।

# स्वस्थ शरीर ही जीवन की असली पूंजी

- डीसी ने जनता से योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी डॉ. शालीन ने जनता से आह्वान किया है कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बढ़-चढक़र हिस्सा लें। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अंबाला शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जाएगा। डीसी डॉ. शालीन बुधवार को योग दिवस की रिहर्सल के बाद बोल रहे थे। सर्वप्रथम पुलिस लाइन ग्राउंड से योग दिवस को लेकर मैराथन की शुरूआत की गई। इसके पश्चात डीसी डॉ. शालीन ने दीप प्रज्ज्वलित करके रिहर्सल का शुभारंभ किया। उन्होंने योग शाधकों के साथ योगासन एवं प्राणायाम भी


**अंबाला।** योग की रिहर्सल करते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि 21 जून को अंबाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य तरीके से आयोजन किया जाएंगा। इसके अतिरिक्त 6 ब्लॉक में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, आयुष विभाग, शक्षिा विभाग एवं खेल विभाग व ब्रह्मकुमारी संस्था, पतंजलि, नेहरू युवा केन्द्र, भारतीय योग संस्थान व अन्य विभागों के लोग हस्सिा लेंगे। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि हमारा स्वस्थ शरीर ही हमारे जीवन की असली पूंजी है। हमें इसे बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योग व प्रणायाम करना चाहिए। इस अवसर पर एडीसी अपराजिता, एसडीम दर्शन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विश्वजीत सिंह, सीईओ नवीन आहुजा, डीएसपी रमेश कुमार, डीएओ शशिकांत शर्मा, डीईओ सुरेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश कुमार, जिला खेल अधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार, आयुष से नीरू अग्रवाल, भारती योग संस्थान से विशाल वर्मा, व अन्य मौजूद रहे।

## शहजादपुर में भी आयोजित किए जाएंगे योग दिवस पर कार्यक्रम

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुई पायलट रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल की गई। पतंजलि योग समिति से मंडल प्रभारी सुरेंद्र सैनी, भारतीय योग संस्थान के जोन प्रधान एवं वाणिज्य प्रवक्ता भूरेवाला संजय धीमान, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के फिजिकल एजूकेशन के प्रवक्ता कुलवंत सिंह द्वारा आए हुए सभी योग साधकों को योग दिवस की पायलट रिहर्सल करवाई गई।

सभी साधकों को सबसे पहले प्रार्थना फिर उसके बाद ग्रीवा चालान, स्कंद संचालन कटि चालान, घुटना संचालन क्रियाएं करवाई गई। उसके बाद संजय धीमान ने खड़े होकर किए जाने वाले योगासन में ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन करवाएं, बैठकर किए जाने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, वक्रासन तथा पेट के बल लेट कर किए जाने वाले आसनों में मकरासन, भुजंगासन, शलबआसन करवाए गए। इसके अलावा पीठ के बल लेट कर सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन और शव आसन करवाए गए और पतंजलि योग समिति से मंडल प्रभारी सुरेंद्र सैनी ने प्राणायाम में कपालभाति नाडी शोधन, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम करवाए। इस मौके पर आयुष विभाग से डॉक्टर अखिलेश, स्टेनो नवीन सैनी, मोहित, जसबीर, नवीन, जावेद, नरेश, भविंदर, अमित, गुरुदेव, शाहिद तथा पीटीआई/डीपीआई, आंगनवाड़ी वर्कर सहित विभिन्न विभागों से आए अधिकारी/कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल ने कहा कि 21 जून को कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोग प्रातः 6.30 बजे पहुंच कर योग कर लाभ उठाएं।


**नारायणगढ़।** योग दिवस की पायलट रिहर्सल में भाग लेते हुए योग साधक।

### योग के महत्व पर दिया जोर

**शहजादपुर।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर के प्रांगण में अंतराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति रानी व आयुष विभाग की देख रेख में किया गया। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र राणा, नरेंद्र कुमार (आयुष विभाग) व वीना गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह ने सभी को दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे अवगत करवाया तथा इस कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों, अध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।